# यूजीसी किया जाए लागू, जिससे बच्चों में न हो भेदभाव

## सभा में बोले वक्ता : ओबीसी, एससी, एसटी एकता मंच ने यूजीसी के समर्थन में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** ओबीसी, एससी,एसटी एकता मंच द्वारा शनिवार को यूजीसी के समर्थन में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान एक सभा आयोजित की गई, जिसमें उपस्थित वक्ताओं ने अपने हक अधिकार को लेकर अपनी बाते रखी, तो वहीं रैली निकाली गई,जो विमानो के चबूतरा से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां पर मांगो से सबंधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। इस दौरान एकता मंच के सदस्यों हक और अधिकारों के नारे लगाते हुए यूजीसी लागू किये जाने की बात कहीं।

जिले में शनिवार को बहुजन नायक दीनाभाना की जयंती के अवसर ओबीसी, एससी, एसटी एकता मंच के द्वारा यूजीसी के समर्थन में शक्ति प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ओबीसी एससी एसटी एकता मंच के आह्वान पर पछाड़ीखेड़ा स्थित विमानों के चबूतरा परिसर विशाल आमसभा आयोजित की गई। जिसमें जिलेभर के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभा के दौरान मंच से समाज के प्रमुखजनों ने संविधान प्रदत्त अधिकारों, सामाजिक न्याय और समान प्रतिनिधित्व के मुद्दों पर विस्तार से अपने विचार रखते हुए कहा कि यूजीसी नियम लागू किया जाए, जिससे की स्कूलो और कॉलेजों में बच्चों के साथ भेदभाव न हो। तो वहीं वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा, रोजगार, प्रशासन और न्यायपालिका सहित विभिन्न क्षेत्रों में अब भी पिछड़े वर्गों को संरचनात्मक भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यूजीसी को पूर्ण रूप से लागू रखने और इससे जुड़े प्रावधानों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने की मांग दोहराई।

### रैली के रूप में पहुंचे कलेक्ट्रेट सौंपा ज्ञापनः

सभा के बाद सभी लोग द्वारा रैली निकाली गई, जो विमानो के चबूतरा से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां ओबीसी, एससी, एसटी एकता मंच के सदस्यों द्वारा प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि आज दीनाभाना जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित महासम्मेलन का उद्देश्य सामाजिक, आर्थिक विषमताओं की समाप्ति और शासन स्तर पर लंबित जनहितकारी मुद्दों पर लोकतांत्रिक संवाद स्थापित करना है।

### जातीय जनगणना में जोड़ा जाए ओबीसी का कॉलम

ओबीसी, एससी, एसटी एकता मंच द्वारा किये गए प्रदर्शन और प्रशासन को सौंपे ज्ञापन में यूजीसी को पूर्ण रूप से लागू करने, ओबीसी का 13 प्रतिशत होल्ड हटाने, विधानसभा व लोकसभा में राजनीतिक आरक्षण लागू करने, जातीय जनगणना में ओबीसी कॉलम जोड़ने और बैकलॉग पदों पर भर्ती करना शामिल है। इसके अलावा ग्वालियर हाईकोर्ट में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने, शासकीय सेवाओं में पदोन्नति में आरक्षण, सफाई कामगारों को नियमित करने, लंबित छात्रवृत्ति का समय पर भुगतान, आउटसोर्स नियुक्ति बिल निरस्त करने और ओबीसी प्रोटेक्शन एक्ट बनाने की मांग भी रखी गई।



# विधायक से बोले ग्रामीण राशन पर्ची न होने से हो रही परेशानी

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** विधायक जी पात्र हितग्राही होने के बाद भी राशन पर्ची जारी नहीं हो रही है, जिसके कारण राशन लेने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह बात शनिवार को विधायक इंजीनियर हरिबाबू राय के ग्राम कबीरा के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने कहीं। इसके साथ ही ग्रामीणों ने पुलिया से जल निकासी न होने की बजह से घरों में पानी भरने की समस्या से अवगत कराया। जिस पर विधायक श्री राय ने ग्रामीणों को आश्वास्त किया और अधिकारियों से चर्चा कर जल्द समास्या के निराकरण की बात कही।

दरअसल विधायक श्री राय शनिवार को ग्राम कबीरा पहुंचे, जहां पर उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए उनकी समस्या से रूबारू हुए। इस दौरान ग्रामवासियों ने राशन पर्ची जारी नहीं हो रही है, जिसके कारण उन्हें नियमित राशन प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ग्रामीणों ने बारिश के मौसम में पुलिया से पानी की निकासी न होने की समस्या से अवगत कराया, जिससे आसपास के घरों में पानी भर जाता है। विधायक ने स्थल पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया गया तथा ग्रामवासियों को जल्द आवश्यक कार्यवाही कर समस्या का स्थाई समा धान कराने का आश्वासन दिया।

## एक नजर में

### तूमैन में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**अशोकनगर ।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था अक्षर पीठ शिक्षा समिति एवं आयुष विभाग द्वारा ग्राम तूमैन के पंचायत भवन में सरपंच प्रतिनिधि रामसिंह के आतिथ्य में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आयुष विभाग के डॉ. धर्मेंद्र सोनी एवं डॉ अम्रता वर्मा आयुर्वेद चिकित्सक द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान जिला समन्वयक ने कहा कि हमे स्वथ्य रहने के लिए नियमित योगा, संयमित भोजन लेना चाहिए। क्योंकि डॉक्टरों व योग प्रशिक्षको के अनुसार, नियमित रूप से प्राणायाम, सूर्य नमस्कार और विभिन्न आसनों का अभ्यास करने से हृदय रोग, मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है संतुलित आहार और नियमित योग से स्वस्थ जीवन की ओर कदम बढ़ाया जा सकता है।

### श्रद्धांजलि देने पहुंचे प्रभारी मंत्री

अशोकनगर। मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने शनिवार को ग्राम मढ़ी महिदपुर पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मध्यक्षेत्र सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानंद शर्मा की पूज्य माताजी श्रीमती जनकदुलारी शर्मा के निधन पर दिवंगत आत्माा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रभारी मंत्री श्री शुक्ला ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि श्रीमति जनकदुलारी शर्मा का निधन मंगलवार को भोपाल में हुआ था। उनका अंतिम संस्कापर पैतृक ग्राम जिला अशोकनगर की तहसील नईसराय के ग्राम मढ़ी महिदपुर में किया गया था। इस अवसर भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, कलेक्टर साकेत मालवीय, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# होलिका दहन में हो गो-काष्ठ का उपयोग

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में बोले कलेक्टर सांकेत मालवीय




**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून व्यरवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर श्री मालवीय द्वारा आगामी त्यौहारों के लिए सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द्र एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। सभी त्यौहार एवं उत्सव हर्षोल्लास से मने और शांति बनी रहे। उन्होंने कहा कि होलिका दहन के लिए नागरिक लकड़ी के स्थान पर गो-काष्ठ (उपलों) का अधिकाधिक उपयोग करें। उन्होंने नगरपालिका सीएमओं को निर्देश दिए कि त्यौहारों पर पर्याप्त साफ सफाई रहें। होलिका दहन स्थलों का संयुक्त टीम बनाकर निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि त्यौहारों पर सभी आवश्सक व्यवस्थाएं सुदृढ़ कराई जायेगी। त्यौहारों पर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अवगत कराये,जिससे उसका समाधान किया जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि त्यौहारों पर जिले में शांति व सौहार्द्र की परम्परा कायम रही है और इसे हमेशा कायम रखना हम सभी का दायित्व भी है। त्यौहारों पर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। असामाजिक तत्वों् के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की जायेगी। बैठक में 2 मार्च को होलीका दहन, 3 मार्च होली, 8 मार्च को रंगपंचमी,19 मार्च को गुडपड़वा, 20 मार्च को चैतीचांद/वीरांगना अवंतीबाई बलिदान दिवस, 21मार्च को ईद उल फितर, 27 मार्च को रामनवमी, 31 मार्च को महावीर जयंती सहित आगामी माहों में आने वाले त्यौहारों के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों के सुझाव लिये गये। बैठक में अपर कलेक्टर डीएन सिंह, संयुक्त कलेक्टर बृज विहारीलाल श्रीवास्तव, एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, एसडीओपी विवेक शर्मा समिति के सदस्य मौजूद रहे।




# दिग्गी राजा के जन्मदिन पर 102 यूनिट रक्त हुआ अर्जित

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ( दिग्गी राजा ) के जन्मदिन के अवसर पर आरजेए हेल्प क्लब द्वारा शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ ने कुल 102 यूनिट रक्तदान किया गया।**

RJA हेल्प क्लब के संयोजक रीतेश जैन आजाद ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह यूं तो वो कभी भी जन्मदिन मनाने आदि पर विश्वास नही करते लेकिन उनका कहना है अगर फिर भी समर्थकों को कुछ करना है तो समाज के लिए करो । उसी प्रेरणा से हेल्प क्लब विगत चार वर्षों से रक्तदान शिविर लगाते आ रहा है। इसी क्रम में शनिवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें एक सैंकड़ा से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में कुल 102 यूनिट रक्तदान अर्जित कर जिलाअस्पताल के सुपुर्द किया है। शिविर में 10 महिलाएं सहित, सुधीर शर्मा, ऋषिकेश शर्मा, राजकुमार लोधी, राजू जाटव, बलवीर यादव, अजय बालू, अकील खान रक्तदान किया। इस मौके मौके पर विधायक हरिबाबू राय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# छैवलाई में हो रहा है अखंड रामायण पाठ

**ज्ञानालय समिति की सराहनीय पहल**

**समिति के संयोजक ने सराहा कार्यक्रम**



**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** ग्राम छेवलाई बमुरिया की ज्ञानालय समिति (क्रिकेट टीम) द्वारा ग्राम मंदिर प्रांगण में अखंड रामायण पाठ का पावन आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे और भक्ति भाव से रामायण पाठ में सहभागिता की। ज्ञानालय के संयोजक अर्जुन सिंह यादव ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि खेल के मैदान में अनुशासन और परिश्रम का परिचय देने वाले युवा जब धर्म एवं समाजसेवा के कार्यों में भी आगे आते हैं, तो यह पूरे ग्राम के लिए गर्व का विषय बन जाता है उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम ग्राम में भाईचारे, एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने प्रभु श्रीराम के जीवन से मर्यादा, सेवा, त्याग और समर्पण की प्रेरणा लेने का आह्वान किया। आयोजन स्थल पर भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण भी किया गया, जिससे वातावरण पूर्णतः भक्तिमय बना रहा। समिति द्वारा भविष्य में सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता, वृक्षारोपण एवं अन्य समाजसेवा के कार्य करने का संकल्प भी लिया गया। ग्रामवासियों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्राम बमुरिया को एक आदर्श, संगठित और जागरूक ग्राम के रूप में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होंगे। इस मामले में प्रदीप शर्मा ने बताया कि ज्ञानालय परिवार द्वारा ग्रामों में जो सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया है उसी के तहत ग्रामों में इस तरह के आयोजन किए जा रहे है वही अर्जुन कप की शुरुआत के उपलक्ष्य में आज रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है वही ग्राम में सामाजिक सौहार्द बनाए रखने सामाजिक कार्यक्रम करते रहेंगे, जिसमें रामायण पाठ के साथ अन्य कई सामाजिक कार्य किए जाएंगे,वही रामायण पाठ का आयोजन ग्राम में अब प्रतिदिन किया जाएगा। आयोजन में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, खिलाड़ियों एवं ग्रामवासियों को बधाई दी गई तथा ग्राम में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की गई।

# विधायक बृजेंद्र यादव ने विधायक निधि से ग्राम पंचायतों को वितरित किये पानी के टैंकर

**दो नगर पंचायतों को भी प्रदान किये गये टैंकर**

**वितरण कार्यक्रम में मौजूद रहे विधायक श्री यादव**



**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** ग्रीष्म ऋतु में बढ़ते जल संकट को देखते हुए मुंगावली विधायक पूर्व मंत्री बृजेन्द्र सिंह यादव ने सराहनीय पहल करते हुए विधायक निधि से विभिन्न ग्राम पंचायतों को पानी के टैंकर उपलब्ध कराए। कार्यक्रम के दौरान टैंकरों को संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं सचिवों को औपचारिक रूप से सौंपा गया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि गर्मी के मौसम में ग्रामीण अंचलों में जल संकट गंभीर रूप ले लेता है। इसे ध्यान में रखते हुए विधायक निधि से टैंकर उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे जरूरतमंद गांवों में समय पर पानी पहुंचाया जा सके। उन्होंने सरपंचों एवं सचिवों से अपील की कि टैंकरों का उपयोग पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए, ताकि वास्तविक जरूरतमंद ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर सतत प्रयासरत है और पेयजल जैसी आवश्यक सुविधा के लिए किसी भी स्तर पर कमी नहीं आने दी जाएगी। जिन गांवों में जल संकट अधिक है, वहां प्राथमिकता के आधार पर टैंकरों के माध्यम से जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान टीला, पिपरिया मल्हारगढ़, सिंघाड़ा, सूरेल, बिल्हेरू, अचलगढ़, कुकरेठा, भटोली, मालवनी, बम्मन खिरिया, जसैया, बर्री, डोंगरा, मुंगावली वार्ड क्रमांक 05, पिपरई वार्ड क्रमांक 05 सहित अन्य ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों को जल प्रदाय हेतु टैंकर वितरित किए गए। इस मौके पर सरपंच, सचिव, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने करीला धाम पहुंचकर देखीं करीला मेला तैयारियों की व्यवस्थाएं

**अशोकनगर।** जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां जानकी माता मंदिर करीला धाम पर रंगपंचमी के अवसर पर 7 मार्च से 9 मार्च 2026 तक तीन दिवसीय वार्षिक मेला का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा करीला धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधा एवं व्यवस्थाएं की जा रही है। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शनिवार को करीला धाम पहुंचकर करीला मेला की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा मां जानकी माता के दर्शन कर करीला मेला के सफल आयोजन की प्रार्थना की। उन्होंने मंदिर परिसर में नवनिर्मित सीढ़ियों का विधिवत शुभारंभ किया।

**माहे रमजान**

## रोजा रखने पर परिवार में खुशी का माहौल

# 7 साल की हुमा और 9 साल की जोया ने रखा अपना पहला रोजा





**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर/पिपरई।** इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र और पाक महीना माहे रमजान चल रहा है, जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रखकर अल्लाह की इबादत में जुट हुए हैं। जिसके चलते मुस्लिम समुदाय द्वारा सबसे विशेष दिन माने जाने वाले शुक्रवार जुम्मा को दो छोटी मासूम बहिनों ने अपना पहला रोजा रखा। इसी कड़ी में पिपरई निवासी आशिक खान मंसूरी मिस्त्री की छोटी सी बच्चियों दोनो बहिनों ने अपने जीवन का पहला रोजा रख कर परिवार का मान बढ़ाया। जिसकी जानकारी लगते ही उनके परिवार सहित रिश्तेदारों में काफी खुशी का माहौल रहा।

कम उम्र में रोजा रखने का जज्बा दिखाते हुए सात साल की मासूम हुमा ने सुबह शहरी से लेकर शाम को इफ्तार तक पूरे सब्र और उत्साह के साथ अपने जीवन का पहला रोजा पूरा किया। जो 13 घंटे से भी अधिक समय तक भूख और प्यास का अहसास करते हुए अल्लाहपाक के हुक्म को मानते हुए खुशी खुशी अपना रोजा मुकम्मल किया। इसी प्रकार उसकी बड़ी बहिन नौ साल की जोया ने जुम्मे के दिन अपनी छोटी बहिन का साथ देते हुए रोजा रखा। इफ्तार के समय घर में खास इंतजाम किए गए एवं दुआओं के बीच रोजा खुलवाया गया। इस मौके पर परिवारजनों ने हुमा और जोया की हौंसला अफजाई की और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

वहीं उनके माता पिता ने कहा कि बच्चों में अच्छे संस्कार और दीनी तालीम देना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि हुमा एवं जोया का यह पहला रोजा परिवार के लिए गर्व और खुशी का यादगार पल बन गया हैं। मोहल्ले के लोगों ने भी नन्हे रोजदार को मुबारकबाद देते हुए उसकी सेहत कामयाबी ओर खुशहाली की दुआ की।

# पुण्यतिथी पर शिक्षकों ने किया चंद्रशेखर को याद



**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली।** महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ अशोकनगर ब्लॉक इकाई मुंगावली द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संघ के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदान को याद किया। इस दौरान वक्ताओं ने आजाद के जीवन संघर्ष, साहस और राष्ट्रभक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला। संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रेम नारायण तिवारी ने कहा कि आजाद ने अपना सम्पूर्ण जीवन देश की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। उनका आजाद रहने का संकल्प और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। ब्लॉक अध्यक्ष तिलक सिंह दांगी ने अपने संबोधन में कहा कि आजाद का जीवन त्याग, साहस और आत्मसम्मान की मिशाल है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्षों से अवगत कराएं ताकि उनमें राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा की भावना विकसित हो। ब्लॉक कार्यकारिणी अध्यक्ष निर्भय सिंह भाटी ने कहा कि आज के समय में भी हमें अन्याय और भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजग रहकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करना चाहिए। ब्लॉक सचिव अनिल जाटव ने कहा कि शिक्षक समाज का मार्गदर्शक होता है।